वर्ष 39 अंक 16
पृष्ठ 24+4+4=32
लखनऊ, शनिवार
4 नवंबर 2017
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 5.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण



# नैक मूल्यांकन में एसएमएस लखनऊ का उत्कृष्ट प्रदर्शन




**जागरण संवाददाता, लखनऊ:** स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (एसएमएस) लखनऊ को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) ने बी प्लस प्लस ग्रेड प्रदान किया है। संस्थान अपनी इस कामयाबी में निरंतर निखार लाने के लिए प्रयत्नशील है। यह कहना है एसएमएस लखनऊ के सचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी शरद सिंह का। शुक्रवार को पत्रकार वार्ता के दौरान शरद सिंह ने बताया कि नैक ने संस्थान को 0-4 प्वाइंट स्केल पर 2.80 अंक प्रदान किये। एसएमएस को नैक ने यह ग्रेडिंग प्रथम चरण में ही प्रदान की गयी, जो अपने आप में विशिष्ट तथा सराहनीय है। साथ ही बीते 11, 12 व 13 सितंबर 2017 को नैक पियर टीम ने संस्थान का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसका परीक्षण नैक की 28वीं स्थाई समिति ने 30 अक्टूबर 2017 को आयोजित बैठक में किया। नैक ने कुल 24 विश्वविद्यालयों व 279 महाविद्यालयों का मूल्यांकन किया जाना था। इनमें यूपी में 50 महाविद्यालयों को ए प्लस, ए, बी प्लस प्लस ग्रेडिंग दी गई। इनमें प्रबंधन तथा इंजीनियरिंग के क्षेत्र में शिक्षा प्रदान करने वाले संस्थान भी हैं। एसएमएस लखनऊ इन्हीं विशिष्ट संस्थानों में से एक है। एसएमएस लखनऊ एकलौता संस्थान है जिसे नैक ने बी प्लस प्लस ग्रेड दिया है। संस्थान के निदेशक प्रो. मनोज मेहरोत्रा समेत तमाम लोग मौजूद रहे।